ई 11016/04/2016-हिन्दी 2011-2060

भारत सरकार

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय

(हिन्दी अनुभाग)

श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग,
नई दिल्ली, दिनांक : 19/12/ 2016

**परिपत्र**

विषय : गंगा नदी को साफ-सुथरा रखने के विषय में नदी के किनारों पर हिन्दी में लिखे बोर्ड लगाना।

माननीय जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण राज्य मंत्री की अध्यक्षता में दिनांक 19.10.2016 को मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति की बैठक में अन्य बातों के साथ-साथ यह सुझाव दिया गया था कि " **गंगा नदी को साफ-सुथरा रखने के संबंध में नदी के किनारों पर हिन्दी में लिखे सुन्दर-सुन्दर बोर्ड लगाए जाने चाहिएं, इससे नदी और हिन्दी भाषा दोनों को लाभ मिलेगा।**"

अत: मंत्रालय तथा मंत्रालय के सभी संगठनों से अनुरोध है कि गंगा नदी की साफ-सफाई, संरक्षण आदि से जुड़े अधिकारी/ कर्मचारी उक्त सुझाव को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई करें और की गई कार्रवाई से अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

(एम.सी. भारद्वाज)
उप निदेशक (रा.भा.)

सेवा में,

1) अपर सचिव एवं मिशन निदेशक, एनएमसीजी

2) मंत्रालय के अन्य सभी संगठन।

3) मंत्रालय के सभी अधिकारी।अनुभाग/डेस्क/सैल ।

4) मंत्री(ज.सं.,न.वि. और गं.सं) के निजी सचिव/राज्य मंत्री (ज.सं.,न.वि. और गं.सं) के निजी सचिव ।

5) निदेशक (एनआईसी), ज.सं.,न.वि. और गं.सं. मंत्रालय को इस अनुरोध के साथ कि कृपया पत्र मंत्रालय के इंट्रानेट पर अपलोड करने का कष्ट करें।